पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 फरवरी 2025



# माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



गंगा घाटों का निरीक्षण डीएम व एसपी एवं तैनात पुलिस बल।

**कन्नौज।** माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। सुबह से ही गंगा घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दूर से आए श्रद्धालु मां गंगा की आराधना कर आस्था की डुबकी लगाते नजर आए। घाटों पर गूंजते धार्मिक मंत्रों और भजन-कीर्तन ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। बुधवार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहा। डीएम शुभ्रांत कुमार मिश्रा एवं एसपी विनोद कुमार ने स्वयं गंगा घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेहंदी घाट पर स्थापित खोया-पाया केंद्र श्रद्धालुओं से सम्बंधित जानकारी ली। वहीं मेंहदी घाट व जलेसर घाट पर पुलिस बल ने श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से स्नान करने में सहयोग दिया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए ड्रोन द्वारा विशेष निगरानी रखी। घाटों पर मेडिकल टीम और रेस्क्यू टीम को भी तैनात किया गया ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके। यातायात प्रभारी आफाक खॉन की टीम द्वारा बेहतर यातायात सुविधा सम्पन्न कराई गई।

श्रद्धालुओं ने मां गंगा से सुख-समृद्धि की कामना की और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर जरूरतमंदों की सेवा भी की। माघी पूर्णिमा का यह पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विभिन्न गंगा घाटों पर मेंहदीघाट चौकी प्रभारी चन्द्रभान सिंह, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहन लाल, महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## 12 फरवरी को पहुंचा 31 डिग्री तापमान

**खागा (फतेहपुर)।** प्रकृति के साथ खिलवाड़ का नतीजा है कि फरवरी में ही गर्मी ने अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को 31 डिग्री से. तक तापमान पहुंच गया, अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में लोग भीषण गर्मी झेलने को अभिशप्त होंगे। हीट वेब से तबाही मच सकती है। शासन की ओर से आदेश किया गया है जिसमें हीट वेब से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही गई है। हीट वेब से बचाव एवं भावों को न्यूनतम किए जाने हेतु संस्था द्वारा शहरों और कस्बों में क्रियान्वित और प्रस्तावित नीतियों, योजनाओं, कार्रवाईयों तथा गतिविधियों का विवरण प्राधिकरण को उपलब्ध कराए जाने के संबंध में राज्य मिशन निदेशालय ने पत्र जारी किया है। हीट वेब से बचाव एवं नाकारात्मक प्रभावों के न्यूनीकरण के दृष्टिगत विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा कूल रूफ निर्माण तकनीक आदि का समावेश कार्य-योजना में शामिल किया जाना है।

# गोली मारकर दो भाईयों को लूटा, सर्राफ की छत काटकर चोरी तथा डेयरी संचालक की दुकान में की सफ़ाई

● बेखौफ़अपराधियों ने अंजाम दीं ताबड़ तोड़ घटनाएं



लूटे गए भाई घायलावस्था में, सर्राफ की काटी गयी छत

**संडीला (हरदोई)।** संडीला क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में दहशत फैल गयी है। शातिर अपराधियों ने बारात से घर जा रहे दो भाईयों को फायरिंग करके लूटा। एक सर्राफ़ और एक डेयरी संचालक की दुकानों में घुसकर वहां रखी नकदी और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ़कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम देवारी निवासी अनिल कुमार अपनी पत्नी के भाई आशुतोष की बारात में अपने भाई श्रीकांत के साथ ग्राम खतीरपुर गए थे। रात लगभग 10.30 बजे वह दोनों भाई बाइक से वापस लौटे। संडीला बेनीगंज रोड पर जब वह ग्राम फूलखेड़ा के पास पहुंचे तो बाइक से आए चार लोगों ने बाइक पर डंडा मारकर उन्हें नीचे गिरा दिया और दोनों भाईयों अनिल और श्रीकांत के साथ मारपीट करके उनके पैसे छीनने लगे। दोनों भाईयों ने इसका विरोध किया, तभी उन चारों में से एक ने तमंचे से फ़ायर कर दिया, जिससे अनिल के हाथ पर छरेे लगे। सौभाग्य से इसी दौरान एक ऐम्बुलेंस के हूटर की आवाज़ को सुनकर सभी लुटेरे उन्हें छोड़कर भाग गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस दोनों को सीएचसी ले गयी। दोनों ने अपने साथ हुई फ़ायरिंगए मारपीट और 26 हजार की लूट की सूचना दी लेकिन पुलिस ने इस मामले में लीपा पोती करते हुए मात्र मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उपाधीक्षक भी लूट की घटना से इनकार करते हैं। दूसरी घटना पुरानी स्टेट बैंक वाली गली में नत्था मोड़ पर एक सर्राफ़ व्यवसाई और एक डेयरी संचालक के यहां हुई। मिली जानकारी के अनुसार सर्राफ़ व्यवसाई ललित द्विवेदी की ललित ज्वैलर्स नाम से दुकान है। इस दुकान में बदमाशों ने छत को काटकर अंदर प्रवेश किया और यहां रखा सोने चांदी का जेवर और नकदी पर हाथ साफ़कर दिया। अजय कुमार यादव की दूध डेयरी में प्रवेश करके वहां रखी नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। यह दुकाने स्थित हैं उससे मात्र 100 मीटर की दूरी पर पुलिस की नियमित ड्यूटी रहती है। इन परिस्थितियों में इस तरह की आपराधित वारदात को अंजाम देकर सफ़लतापूर्वक निकल जाने वाले बदमाशों को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने भी नाराज़गी व्यक्त की है तथा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा की प्रर्याप्त व्यवस्था की जाए। पुलिस ने आसपास के सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ.साथ कई संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही घटनाओं का अनावरण कर लिया जाएगा।

# कार्यवाही से बचने के लिए उठाएं ओटीएस योजना का लाभ

● एसडीओ व जेई ने सीमित समय में पंजीकरण करानें की अपील की



विद्युत उपखण्ड कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्यायें सुनते एसडीओ।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बिजली उपभोक्ता के बकाया बिजली बिलों को निपटाने के लिए विद्युत विभाग की 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)' का अंतिम चरण 15 फरवरी तक चल रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने त्रुटिपूर्ण बकाया बिलों का संशोधन कराकर सरचार्ज में छूट प्राप्त कर सकते हैं और कानूनी कार्यवाही से बच सकते हैं।

यह जानकारी बुधवार को विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सरोज ने दी। इससे पूर्व उन्होनें उपभोक्ताओं की समस्यायें सुनने के उपरान्त बताया कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिना किसी अतिरिक्त जुर्माने के बकाया बिल चुकाने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं के लिए एक सुनहरा मौका है, जिससे वे अपने बिजली बिल का समाधान कर सकते हैं और भविष्य में बिजली कटौती या कानूनी कार्यवाही से बच सकते हैं। अवर अभियंता विकास कुमार नें बताया कि बड़ी राशि वाले बकाया बिलों को आसान किश्तों में भरा जा सकता है। आशीष कुमार, आसिफ खॉन, संबिदा कर्मी विपिन चौरसिया, रोहित श्रीवास्तव, लाईनमैन राजू, संजय यादव, सरमू, संतोष आदि मौजूद रहे।

# ट्रैवलर बस-डंपर की भिड़ंत में चार श्रद्धालुओं की मौत

● डेढ़ दर्जन घायल, तीन गंभीर ● दिल्ली से महाकुंभ जाते समय हुआ हादसा



**फतेहपुर।** जिले के नेशनल हाइवे-2 पर दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं है। बुधवार की सुबह भोर पहर कल्यानपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर बक्सर गांव मोड़ पर श्रद्धालुओ से भरी टूरिस्ट बस और डम्पर की भिड़ंत हो गई। बस में 21 श्रद्धालु सवार थे जिसमें तीन की मौके पर मौत हो गई। जबकि 11 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाकर मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई कर रही है।

नई दिल्ली उत्तम नगर से एक ट्रैवलर बस 21 श्रद्धालुओं को लेकर सुबह लगभग पांच बजे प्रयागराज जनपद महाकुंभ स्नान कराने जा रही थी। बस फतेहपुर के कल्यानपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 2 नूरपुर बक्सर गाँव की मोड पर पहुंची तभी बस और डम्पर की ज़ोरदार भिड़ंत हो गई। बस में सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 11 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचा कर मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सीएचसी में डॉक्टर ने विवेक व प्रेमकांत झा और विगम्बर झा को मृत घोषित करते हुए गंभीर रूप से घायल जयनाथ झा की 45 वर्षीय पत्नी नीरा देवी, सतीश मिश्रा की 48 वर्षीय पत्नी रीता देवी, बेनी झा के 50 वर्षीय पुत्र जयनाथ झा विमल झा के 30 वर्षीय पुत्र अनुराग झा, विमल झा और उनकी पत्नी सलोनी झा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जाँच के उपरांत विमल झा को मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी हाउस में रखवा कर गंभीर रूप से घायल नीरा देवी, रीता देवी और जयनाथ झा को प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज भेजकर अनुराग झा, सलोनी झा को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे है।

## नाले में गिरकर एक साल की बच्ची की मौत, खुला नाला बच्ची के लिये बना दुश्मन

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ढीहाडेरा गांव में बने नाला में एक साल की लड़की की गिरकर मौत हो गई जिससे मृतक लड़की के परिजनों का रो रोकर हाल बुरा है गांव के अरविंद के घर पिछले वर्ष जनवरी माह में एक लड़की का जन्म हुआ था जिसका नाम अर्पिता बताया गया है जो अब 13 माह 8 दिन की हो चुकी थी। मृतक लड़की की दादी चंपा ने बताया कि मंगलवार की शाम 5 बजे उनकी पोती घर के बाहर निर्माण कराए गए नाला में गिर गई थी जिससे उसकी मौत हो गई वही बच्ची को नाले से निकाल कर परिजन आनन फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरो ने बच्ची को देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया मृतक की मां लक्ष्मी ने रोते हुए बताया कि हमने छोटे.छोटे बच्चे होने का हवाला देकर नाला निर्माण कराने वाले जिम्मेदारों से नाला को ऊपर से ढकने के लिए कहा था लेकिन उन लोगों ने उसकी बात नहीं सुनी जिसके बाद उन्हें अपनी लड़की से हांथ धोना पड़ा।

## क्विक न्यूज

### नौ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज, आरोपी भूमिगत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बैंक मित्र से लूट करने वाले नौ आरोपियों के खिलाफएसओ ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। गैंग लीडर के खिलाफहत्या लूट जैसे जघन्य मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 में 26 दिसंबर को बैंक मित्र सुशील सिंह से सुमेरपुर एवं देवगांव के मध्य असलहाधारी बदमाशों ने असलहों की दम पर डेढ़ लाख रुपए नकद लैपटॉप आदि लूट लिए थे पुलिस ने 28 दिसंबर को गैंग लीडर शाहरुख खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। घटना के तेरह माह गुजर जाने के बाद थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने गैंग लीडर सहित गिरोह के नौ सदस्यों को नामजद करके गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गैंग लीडर शाहरुख खान प्रखर उर्फमुर्गा ऋतिक चौरसिया निवासीगण सुमेरपुर विकास उर्फडीडी व अमन श्रीवास निवासी बांदा शोभित उर्फराज निवासी सेमरा प्रयागराज राहुल सिंह उर्फदीपक सिंह निवासी रानीगंज प्रतापगढ़ अंकित कुशवाहा उर्फरोविंद्र प्रयागराज भोलू उर्फशिवांशु सिंह रैपुरा चित्रकूट को नामजद करके गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपी मुकदमा दर्ज होते ही भूमिगत हो गए है।

### कोर्ट लिपिक का शव सरकारी आवास से पुलिस ने किया बरामद

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली के सिविल सर्जन बंगले में रहने वाले कोर्ट में कार्यरत लिपिक का शव बुधवार की शाम उन्हीं की कॉलोनी में मिलने से सनसनी मच गई। मूलरूप से प्रयागराज निवासी 56 वर्षीय शकील अहमद स्थानीय कोर्ट में लिपिक के पद पर कार्यरत थे। सिविल सर्जन के बंगला में उन्हें सरकारी कॉलोनी मिली हुई है जिसमें वह अकेले रहते थे। दो दिन से उनके क्वार्टर से लगातार टुल्लू पंप चलने की आवाजें आ रही थी। आसपास के लोगों ने उन्हें भी आते.जाते नहीं देखा था। शंका होने पर पड़ोसियों ने जब अंदर झांका तो शकील अहमद फर्श पर पड़े दिखे। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस कॉलोनी के अंदर दाखिल हुई जहां शकील अहमद का शव बाथरूम के पास ही पड़ा था। ऊपरी तौर पर देखने पर नाक में चोट का निशान भी मिला है। बाथरूम के दरवाजे पर कपड़े फैले थे। आशंका जताई गई है कि नहाने के दौरान पैर फिसलने की वजह से फर्श पर गिरने के कारण मौत हुई है। इस संबंध में कोतवाल राकेश कुमार का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आ जाएगा।

### व्यापारी के घर से चोरों ने किया लाखों के जेवरात व नगदी पार

**हमीरपुर।** स्थानीय पेट्रोल पंप के सामने चोरो ने चोरी कर लाखों के जेवरात व नगदी उड़ा दी है, पुलिस ने बताया कि बबलू तिवारी जो न्यूरिया गांव के रहने वाले बताये जाते है यहा पर गिट्टी बालू की दुकान किये हुये है,उसी के ऊपर रहते है। चोरो ने लाखो रुपये के गहने व नगदी चोरी कर ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। इन दिनों मौदहा क्षेत्र में चोरी की बाढ़ सी आ गयी है पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरो के हौसले बुलंद है।

### महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आज

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदकध्आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 13.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे से स्थान सर्किट हाउस माती कानपुर देहात के सभागार में सदस्य, उ्प्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसमें जनपद की कोई भी पीड़ित महिला सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या के निराकरण हेतु प्रार्थना पत्र दे सकती है।

### रोजगार मेला आज

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उप्र सरकार द्वारा 12.02.2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारणए जिला सेवायोजन कार्यालय, कानपुर देहात परिसर मे 12.02.2025 को आयोजित होने वाला रोजगार मेला अब 13.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे से सेवायोजन कार्यालय परिसर मे आयोजित किया जाएगा।

### पुरानी इमारत के ईटे लगा दिए नयी इमारत में

**हमीरपुर।** भ्रष्टाचार का पर्याय कहा जाने वाली कार्यदायी संस्था लोनिवि विभागीय परिसर में सहायक अभियंता कार्यालय के निर्माण में पुराने ईटे लगाकर अपनी असलियत सामने ला दी है। एसई ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। लोनिवि परिसर में सहायक अभियंता का निर्माण हो रहे लाखों रुपये की लागत के कार्यालय में जो पुरानी इमारत तोड़ने में जो पुरानी ईटे निकली थी वह सभी निर्माण कार्य में लगा दिया है। वही पर एक्शियन व कई एई बैठते है मगर ठेकेदार ने सभी के आंखो में धूलझोककर घटिया सामग्री निर्माण कार्य में प्रयोग किया है।

## पैथालाजिस्ट गरीब मरीजों से जांच के नाम पर लूटते है धन, सीएमओ शांत, नही की निर्धारित जांच फीस

**हमीरपुर।** जिले के सारे सीएचसी पीएचसी में जंगलराज कायम है,जिसमे सीएमओ ने कोई ध्यान नही दिया है,यही नही डिप्टी डिप्टी सीएमओ ने जो भी झोला छाप डाक्टरों के खिलाफ जांच की मगर सीएमओ ने उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की है यही नही सीएमओ दफ्तर के सामने चल रहे अवैध पैथालाजी में मरीजों से दिन भर जांच के नाम पर धन उगाही होती है मगर सीएमओ कोई ध्यान नही दे रहे है जबकि जांच के मूल्य निर्धारित होना चाहिये मगर सीएमओ की शह पर जिले भर के पैथालाजिस्ट मरीजो से खुलेआम धन लूटने का काम कर रहे है यही नही गैर जिले के एक दर्जन डाक्टर सीएमओ दफ्तर के सामने ने प्रायवेट प्रैक्टिस करते है मगर सीएमओ कोई जांच नही की है। सीएमओ के ढेर सारे मामलो की शिकायत शासन से की गयी है।

# अधिकारी एवं कर्मचारियों को हेल्मेट सीटबेल्ट पहनना किया गया अनिवार्य

**कानपुर देहात।** शासन के पत्र संख्या.06/2025/364 30.3.2025 परिवहन अनुभाग.3 लखनऊ दिनांक 11 फरवरी, 2025 के द्वारा न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे (पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) की अध्यक्षता में सम्पन्न सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं प्रभावी उपाय अपनाये जाने हेतु निम्न बिन्दुओं के अनुपालन हेतु निर्देश जारी किये गए हैं की उप्र के सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दो पहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक है। इसी प्रकार चार पहिया वाहन से कार्यालय आने वाले अधिकारीध्कर्मचारी को सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है एवं वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग नही किया जाएगा। सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों के प्रवेशद्वार पर सुरक्षा कर्मी हेल्मेट एवं सीटबेल्ट के अनुपालन की जाँच करेंगे। बिना हेल्मेट, सीटबेल्ट के प्रवेश पर रोक लगाई जाए।

यातायात पुलिस और जिला प्रशासन इस नियम का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें एवं उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही करें।सभी सरकारी कर्मचारी सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु जागरूक हों और हेल्मेट एवं सीटबेल्ट की अनिवार्यता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाये। उपर्युक्त निर्देश केवल एक औपचारिकता न होकर, प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यन्त आवश्यक है। समस्त विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगें कि उनके अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी उक्त निर्देश का पूर्णतः पालन करेंगे। हम सभी को इस पहल को गंभीरता से लेना चाहिए जिससे समाज में एक सकारात्मक वातावरण का सृजन हो सके।

# तय मानक से 4 गुना दूरी पर बनाए गए परीक्षा केंद्र

● नियमों की जमकर उड़ाई गईं धज्जियां

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में शासन के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। बात की जाए शासन के आदेशों की तो मूल विद्यालयों से बालिकाओं के लिए 07 किलोमीटर की परिधि में केंद्र बनाने का नियम है, लेकिन यहां नियम को ताक पर रखकर हाईस्कूल और इंटर के दर्जन भर से अधिक विद्यालयों के सैकड़ों बालिकाओं का परीक्षा केंद्र 4 गुणा से अधिक दूरी पर बनाया गया है। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 114 केंद्र बनाए गए हैं। डीएम के स्तर से अनुमोदन करते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

मूल विद्यालयों से 30 किलोमीटर दूर बनाए गए परीक्षा केंद्रः हैरानी की बात यह है कि जिले के इंटर कॉलेज दुगरेई की 17 छात्राओं का परीक्षा केंद्र वंश गोपाल इंटर कॉलेज रसूलपुर भेजा गया है जिसकी दूरी मूल विद्यालय से 12 किलोमीटर दूर है। वहीं इंटर कॉलेज सिधाव की 40 छात्राओं का सेंटर शमशाबाद इंटर कॉलेज भेजा गया है यहां की छात्राओं को परीक्षा देने के लिए 20 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। इसी तरह हायर सेकेंडरी उकाथू की 19 छात्राओं का केंद्र बुदवन इंटर कॉलेज को बनाया गया है, छात्राएं 16 किमी का सफर तय कर परीक्षा देंगी।

उधर राजकीय हाई स्कूल डींघ की 11 छात्राओं का परीक्षा केंद्र 12 किलोमीटर दूर दरियापुर इंटर कॉलेज में बनाया गया है। वहीं हाई स्कूल नरौली की 05 छात्राओं का सेंटर जुनेदपुर स्थित इंटर कॉलेज भेजा गया है। इस केंद्र की दूरी 15 किलोमीटर है। इंटर कॉलेज गोविंदपुर बिलारी की 36 बालिकाएं 30 किलोमीटर दूर जाकर मदर जानकी इंटर कॉलेज खजुहा में परीक्षा देंगी। इतना ही नही 22 छात्रों का भी सेंटर धर्मपाल इंटर कॉलेज मुबारकपुर गेरिया से 28 किलोमीटर दूर आशा सिंह इंटर कॉलेज खागा को बनाया गया है। इन स्कूलों के अलावा भी नियम की धज्जियां उड़ाने वाले दर्जनों विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इतनी भारी अनियमितताओं के बावजूद भी ऐसे सेंटर बहाल होना विभगीय मुखिया को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

छात्राओं के लिए 07 तो छात्रों का अधिकतम 15 किलोमीटर का है आदेश शासन के गाइडलाइन के अनुसार मूल विद्यालयों से छात्राओं के परीक्षा केंद्रों की अधिकतम दूरी 07 किलोमीटर तो छात्रों के लिए यह दूरी 15 किलोमीटर तय की गई है लेकिन जिले में नियम को धता बताकर विभागीय मुखिया ने इन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया है जो छात्र-छात्राओं के लिए सिरदर्द से कम नही है। विभागीय मुखिया के अनदेखी का खामियाजा भुगतेंगे छात्र-छात्राएंः डीआइओएस राकेश कुमार ने बड़े ही बेबाकी से कहा कि परीक्षा केंद्र के निर्धारण की सारी प्रकिया ऑनलाइन है। कहा कि सभी सेंटर यथा स्थित ही रहेंगे। विभागीय मुखिया का यह जवाब कहीं ना कहीं न शिक्षा माफियाओं की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। यह कहना गलत नही होगा कि जिसका खामियाजा छात्र और छात्राओं को भुगतना पड़ेगा।

# भाजपाइयों ने श्रद्धालुओं के लिए खोले निःशुल्क भोजन व जलपान केन्द्र

● सेवा ही संगठन के मूल ध्येय पर बढ़े भाजपाई

● जीटी रोड के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर लगाया सेवा केंद्र



**फतेहपुर।** महाकुंभ प्रयागराज में माघ पूर्णिमा में स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं के सहजता को लेकर भाजपा ने जहानाबाद, बिंदकी, फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ ही खागा विधानसभा में सेवा केन्द्र स्थापित कर निःशुल्क पानी भोजन व जलपान की व्यवस्था मुहैया कराई गई। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल सहित जनप्रतिनिधियों ने आयोजन पर योगदान दिया। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के गोधरौली में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के साथ ही पवन मिश्रा, आशुतोष अग्निहोत्री रितिक पाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपाइयों द्वारा श्रद्धालुओं को रोक-रोक कर जलपान कराया गया।

मलवां ब्लाक प्रमुख रमनजीत सिंह, वीरू, शीलू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा गोपालगंज इंटर कालेज में भंडारा आयोजित किया गया। सदर विधानसभा के पूर्व विधायक विक्रम सिंह व पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे सहित कार्यकर्ताओं द्वारा एआरटीओ कार्यालय के पास महाकुंभ प्रयागराज में माघपूर्णिमा पर स्नान करने वाले लोगों को भोजन व जलपान कराया गया। वहीं खागा विधायक कृष्णा पासवान ने विधानसभा क्षेत्र के कटोघंन में बड़ी संख्या में प्रयागराज जा रहे स्नानार्थियों को प्रफुल्लित मन से भोजन व जलपान की व्यवस्था मुहैया कराई गई। जिसमें धर्मेन्द्र सिंह, राजू, मुकेश सहित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा मनोयोग से सेवा कार्य किया गया।

# माघी पूर्णिमा पर ओमघाट में हुई गंगा आरती, सीएमओ ने किया दीपदान



**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा माघी पूर्णिमा पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती में मुख्य यजमान के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजीव नयन गिरी मौजूद रहे। गंगा घाट की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। गंगा आरती में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजीव नयन गिरी ने कहा कि गंगा नदी को गंदा न करें। कहा कि हम सबको मिलकर अविरल गंगा निर्मल गंगा का संकल्प लेना होगा। आचार्य अखिलेश तिवारी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार, गायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्ता, नमामि गंगे के दिनेश शर्मा, टी.एन.दीक्षित एडवोकेट, एस.पी. दीक्षित, गायत्री परिवार की आशा त्रिपाठी सुनीता गुप्ता लक्ष्मी सिंह नीरू श्रीवास्तव, निरंजना श्रीवास्तव मधु सिंह, अर्चना, वंदना गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, उर्मिला पांडे, शिव देवी साहू, वीरेंद्र साहू, आशीष अग्रहरी, मनोज कुमार, सुरेन्द पाठक, गोविंद कुमार, ओम गुप्ता, अनुज गुप्ता मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल हार्ट फेल्योर अवेयरनेस वीक कार्यक्रम का सफल आयोजन



**लखीमपुर।** सीएमओ, प्रधानाचार्य लखीमपुर मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने इंडियन मेडिकल एसो. द्वारा आयोजित किए जाने वाले हेल्थ अवेयरनेस कैंपेन की शुरुआत करी तथा पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। लखीमपुर के ईलाइट इन होटल में 12 तारीख को इंडियन मेडिकल एसो. लखीमपुर के तत्वावधान में इंटरनेशनल हार्ट फेल्योर अवेयरनेस वीक के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसपी वर्मा, डॉ अरविंद मिश्रा डॉ संजीव भल्ला, डॉ एनके वर्मा, डॉ अर्पित वर्मा, डॉ शिशिर पाण्डेय आदि ने जनता के समक्ष सरल भाषा में अपने विचार रखे

कार्यक्रम में डॉ अखिलेश वर्मा, डॉ अनिल वर्मा, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ अरविंद दीक्षित, डॉ मनोज कुमार, डॉ इंद्रेश राजावत, डॉ अक्षत मिश्रा आदि चिकित्सकों ने भाग लिया और हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। संयोजन प्रभाकर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रमुख वक्ताओं ने हार्ट फेल्योर के लक्षणए बचाव और नवीनतम उपचार विधियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को हृदय रोगों से बचाव के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखीमपुर के प्रेसिडेंट डॉ अखिलेश खरे ने कहा, हमारा उद्देश्य लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर सही उपचार की जानकारी प्रदान करना है। सचिव डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि भविष्य में भी आईएम, लखीमपुर खीरी इस तरह के जागरूकता अभियानों का आयोजन जारी रखेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

# डॉ विजय सिंह नंबरदार ने भरी चुनावी हुंकार

## मानेसर नगर निगम में मेयर पद के लिए भावी निर्दलीय उम्मीदवार है डॉ विजय सिंह नंबरदार

## आरएसएस के हरियाणा प्रांत संचालक माननीय प्रताप यादव जी के द्वारा किया गया रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी हरसरू का उद्घाटन

## नगर निगम चुनाव में सड़क, बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ शिक्षा भी बडा मुद्दा

मानेसर नगर निगम से डॉ विजय सिंह नंबरदार ने अपनी चुनावी हुंकार भर दी है बुधवार को मानेसर नगर निगम के गढ़ी गांव में डॉ विजय सिंह नंबरदार के द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसमें मानेसर नगर निगम के सभी गांवों और सोसायटियों के लोगों ने डॉ विजय सिंह नंबरदार को मेयर चुनाव में समर्थन दिया और कहा कि चुनाव में डॉ विजय सिंह नंबरदार को भारी बहुमत से विजय दिलाने का भी लोगों ने वादा किया। कार्यक्रम में मानेसर नगर निगम से लगभग 20 से 25 हजार लोगों ने पहुंचकर डॉ विजय सिंह नंबरदार को समर्थन दिया। मानेसर नगर निगम से पहुंचे लोगों ने कहा कि डॉ विजय सिंह नंबरदार शिक्षित ईमानदार और साफ छवि के व्यक्ति हैं और मानेसर नगर निगम के जनता को इस तरह के प्रत्याशी की ही जरूरत है मानेसर नगर निगम की जनता को डॉ विजय सिंह नंबरदार को मानेसर नगर निगम की कमान सौपनी चाहिए। स्कूल का उद्घाटन समारोह शक्ति प्रदर्शन बन गयारॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी गांव का उद्घाटन समारोह डा. विजय सिंह नंबरदार का शक्ति प्रदर्शन बन गया। समारोह में पहुंचे लोगों की जुबान से डा. विजय सिंह नंबरदार को मेयर बनाने की बातें कही गई। मंच से वक्ताओं ने और पंडाल बैठे लोगों ने डा. विजय सिंह नंबरदार को पूर्ण समर्थन देने का वायदा किया। उनके अच्छे रसूखों के कारण मानेसर नगर निगम के अलावा गुरुग्राम से भी आमजन समारोह में पहुंचे। सभी ने एकमत से डा. विजय सिंह नंबरदार का समर्थन किया। लोगों ने कहा कि अच्छे और सच्चे लोगों की राजनीति में बहुत जरूरत है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर समाज में काबिल बनाने वाले विजय सिंह नंबरदार जैसे समाज के अग्रणी लोगों को राजनीति में आकर भी सुधार के काम करने चाहिए। advt.




निवेदक : समस्त मानेसर नगर निगम वासी